हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

9 धनुष टूटते ही माता सीता ने प्रभु श्रीराम के गले में डाल...



10 किसानों ने फसल खरीद में अनियमितताओं के विरोध में...



खबर संक्षेप

6.650 ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

हिसार। आदमपुर पुलिस ने मंडी आदमपुर में नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 6 ग्राम 650 मिलीग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन की बाजार कीमत करीब 33 हजार रुपये बताई गई है। आदमपुर थाना प्रभारी उप निरीक्षक हरीश कुमार ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आदमपुर निवासी रमेश कुमार को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 6 ग्राम 650 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई।

3 वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

हिसार। तीन वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ के मामले में आदमपुर पुलिस ने आरोपी हिसार निवासी श्योराम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उप निरीक्षक उमेद सिंह ने बताया कि 11 अक्टूबर को पीड़िता की मां ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ तीन वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में संबंधित धाराओं और पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

नाबालिग को बहलाकर ले जाने का आरोपी काबू

हिसार। नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में आदमपुर पुलिस ने आदमपुर निवासी राजीव को गिरफ्तार किया है। आदमपुर थाना प्रभारी उप निरीक्षक हरीश कुमार ने बताया कि 26 सितंबर को आदमपुर निवासी बिशनु ने पुलिस को शिकायत दी थी कि आरोपी राजीव उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी राजीव को गिरफ्तार कर लिया।

सड़क सुरक्षा क्विज में 2515 बच्चों ने दी परीक्षा

हांसी। विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए हांसी पुलिस की ओर से सड़क सुरक्षा क्विज 2026-27 के दूसरे चरण की लिखित परीक्षा हुई। हांसी, बास और नारनौंद ब्लॉक में हुई परीक्षा में 2515 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 449 स्कूलों, 5 आईटीआई और 7 कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भागीदारी दर्ज कराई। पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। डीएसपी रविंद्र सांगवान ने विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर परीक्षा संचालन और विद्यार्थियों के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा की। उनके साथ ट्रैफिक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार भी मौजूद रहे।

आदमपुर की शिव कॉलोनी में 12 वर्षीय बच्चे की मौत के मामले में आया नया मोड़

नाबालिग दोस्त ने स्वीकार की दैविक पर गोली चलाने की बात, हत्या का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर





शिव कॉलोनी में 12 वर्षीय छात्र दैविक गोयल की गोली लगने से मौत के मामले में बुधवार को मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में लोग आदमपुर थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने मृतक के पिता रवि गोयल की शिकायत पर उसके नाबालिग दोस्त के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। बुधवार सुबह पुलिस ने घटनास्थल पर सीन रीक्रिएट करवाया और सीन ऑफ क्राइम टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई 32 बोर की लाइसेंसी पिस्तौल और कारतूस भी कब्जे में लिए हैं।

पुलिस ने बंद कमरे को खुलवाकर की जांच

बुधवार सुबह आदमपुर थाना प्रभारी हरिश चंद्र शर्मा, सीन ऑफ क्राइम टीम की इंचार्ज डॉ. पूनम कत्याल और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ ओमप्रकाश शर्मा घटनास्थल पर पहुंचे। टीम ने बंद कमरे को खुलवाकर निरीक्षण किया और जरूरी साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार, वारदात में इस्तेमाल की गई पिस्तौल अलमारी में रखी मिली। यह पिस्तौल नाबालिग के पिता गौतम सुथार की लाइसेंसी बताई गई है। पुलिस ने पिस्तोल और कारतूस कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। आदमपुर थाना प्रभारी हरीश चंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल पर सीन रीक्रिएट करवाया है। पूछताछ के दौरान नाबालिग ने दैविक पर गोली चलाने की बात स्वीकार की है। पुलिस घटना के कारणों, गोली चलने की परिस्थितियों और हथियार से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

मोबाइल किराये पर लेने दुकान पर पहुंचे थे दोनों

जानकारी के अनुसार, घटना से करीब एक घंटा पहले दोनों छात्र बस स्टैंड रोड स्थित एक मोबाइल दुकान पर टूर के लिए किराये पर मोबाइल लेने पहुंचे थे। दुकानदार ने उन्हें मोबाइल किराये पर देने से मना कर दिया, जिसके बाद दोनों वहां से चले गए। शिकायत के अनुसार, कुछ देर बाद नाबालिग के घर से दैविक की मां सारिका देवी के पास फोन आया कि उनके बेटे को गोली लग गई है। मौके पर पहुंचने पर दैविक जमीन पर घायल अवस्था में पड़ा मिला। परिजन उसे पहले आदमपुर और फिर एंबुलेंस से हिसार के नागरिक अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रवि गोयल ने शिकायत में आरोप लगाया कि उनके बेटे को गोली मारी गई। उन्होंने घटना के समय नाबालिग, उसके बड़े भाई और मां सुनीता के वहां मौजूद होने की बात भी कही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

टूर की पैकिंग के बहाने ले जाने का आरोप

मामले में मृतक के पिता रवि गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बड़ा बेटा दैविक 12 वर्ष और छोटा बेटा अक्षत 10 वर्ष का था। दोनों आदमपुर के एक निजी स्कूल में पढ़ते थे। इसी स्कूल में गांव शेखपुर दड़ौली निवासी गौतम सुथार का बेटा भी पढ़ता है, जो फिलहाल शिव कॉलोनी में किराये पर रहता है। दोनों सातवीं कक्षा के विद्यार्थी थे और उनके बीच दोस्ती थी। रवि गोयल के अनुसार, मंगलवार शाम नाबालिग उनके घर आया था। दोनों दोस्तों को 17 अक्टूबर को स्कूल की ओर से शिमला टूर पर जाना था। कपड़ों की पैकिंग करने के बाद शाम करीब छह बजे नाबालिग दैविक को पैकिंग करवाने के बहाने अपने साथ शिव कॉलोनी स्थित घर ले गया।

जारी है जांच

दैविक के नाबालिग दोस्त ने उस पर गोली चलाने की बात स्वीकारी है। उसके खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर सीन रीक्रिएट करवाया और फोरेंसिक टीम ने आवश्यक साक्ष्य जुटाए। मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है। -**हरीश चंद्र शर्मा,** थाना प्रभारी, आदमपुर।

एएनएम छात्रा की मौत, हत्या का आरोप; परिजनों ने शव उठाने से किया इनकार

हिसार। एएनएम का कोर्स कर रही जिला फतेहाबाद के एक गांव की 21 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवती कुछ दिन पहले घर से लापता हो गई थी और अग्रोहा क्षेत्र के एक गांव के युवक के साथ रह रही थी। मंगलवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर युवक और उसके परिजन उसे हिसार के सेक्टर-14 स्थित एक निजी अस्पताल लेकर आए, जहां उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। मृतका के परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर युवक और उसके परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जब तक पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करती, तब तक वे शव नहीं लेंगे।

मृतका के चाचा ने बताया कि 28 सितंबर की रात को अग्रोहा क्षेत्र का एक युवक अपने दो साथियों के साथ थार गाड़ी में उनके घर के पास आया और उनकी भतीजी का अपहरण कर लिया था। उन्होंने अगले दिन फतेहाबाद सदर थाने में अपहरण की शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने उचित मामला दर्ज करने के बजाय केवल गुमशुदगी का केस दर्ज किया। बुधवार सुबह उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनकी भतीजी को हार्ट अटैक आया है और उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पहुंचने पर वे मृत मिलीं। अग्रोहा थाना प्रभारी ईश्वर सिंह ने बताया कि एक युवती की मौत की सूचना मिली है, जिसके बाद फतेहाबाद पुलिस को इस मामले से अवगत करवा दिया गया है। फिलहाल इस मामले में आगे की कार्रवाई फतेहाबाद पुलिस द्वारा की जा रही है।

क्रिप्टो करंसी में निवेश के नाम पर 7.19 लाख की धोखाधड़ी, एक दबोचा

हिसार। क्रिप्टो करंसी में निवेश के नाम पर 7 लाख 19 हजार रुपये की धोखाधड़ी के मामले में साइबर पुलिस ने एक और आरोपी को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान लुधियाना निवासी गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस मामले में पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक मुदगिल ने बताया कि सातरोड़ निवासी राजेश की शिकायत पर 16 मई को क्रिप्टो करंसी के नाम पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने क्रिप्टो करंसी में निवेश के नाम पर उससे 7 लाख 19 हजार रुपये ठग लिए थे। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने पहले फतेहाबाद निवासी रविदत्त और मध्य प्रदेश निवासी अनिल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब जांच को आगे बढ़ाते हुए गुरप्रीत सिंह को लुधियाना से गिरफ्तार किया गया है।

बरवाला में बनने वाले नए अस्पताल के निर्माण को मिली प्रशासनिक मंजूरी

50 बेड के अस्पताल पर आएगी 60.58 करोड़ रुपये लागत



हिसार। सरकार ने स्वास्थ्य के मोर्चे पर बरवाला हलके को एक बड़ी सौगात दी है। जिला हिसार के उपमंडल अस्पताल बरवाला के वर्तमान परिसर में 50 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक नए अस्पताल के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर कुल 60.58 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि खर्च की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, हरियाणा को इस संबंध में आधिकारिक पत्र जारी कर दिया गया है। इस प्रोजेक्ट को वित्तीय वर्ष 2026-27 के निर्धारित बजट प्रावधानों के अंतर्गत अमली जामा पहनाया जाएगा, जिससे धन की उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी। इस आधुनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के निर्माण से बरवाला और आसपास के दर्जनों गांवों के लाखों लोगों को घर के नजदीक ही विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी।

आमजन को होगा फायदा

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि इस परियोजना से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। बरवाला और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। आधुनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के विकास से मरीजों को चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूती मिलेगी। हरियाणा सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

अब तक बरवाला क्षेत्र के मरीजों को मामूली गंभीर बीमारियों या बेहतर इलाज के लिए हिसार या अन्य बड़े शहरों के अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ता था।

इस नए 50 बिस्तरों के अस्पताल के बन जाने से स्थानीय स्तर पर ही उच्च स्तरीय चिकित्सा, इमरजेंसी सेवाएं और स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ होंगी, जो हरियाणा सरकार के निरंतर स्वस्थ हरियाणा के संकल्प को और अधिक मजबूत करती हैं।

बनभौरी मेले की सुरक्षा के लिए पुलिस अलर्ट 70 पुलिसकर्मी तैनात

बरवाला। नवरात्रों के अवसर पर गांव बनभौरी में नौ दिवसीय मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर हिसार पुलिस अलर्ट है। मेले में कानून व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ को नियंत्रित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। सीआईए बरवाला की टीम सहित 70 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रतिदिन एक अतिरिक्त पुलिस कंपनी भी भेजी जा रही है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के लिए सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा स्वैट कमांडो और डॉग स्क्वॉड की टीमें निगरानी एवं जांच कर रही हैं, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर समय रहते नजर रखी जा सके और असामाजिक तत्वों को गड़बड़ी करने का मौका न मिले।

नशे के खिलाफ चला सर्च ऑपरेशन बिना दस्तावेज की चार बाइक मिलीं

■ जगदीश कॉलोनी, न्यू ऑटो मार्केट में खाली प्लॉटों व बंद मकान भी जांचे



हांसी। नशे के अवैध कारोबार और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए हांसी पुलिस ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ सर्च अभियान चलाया। पुलिस की सीआईए-1, सीआईए-2, थाना शहर, पुलिस चौकियों, एवीटी स्टाफ और डांग स्क्वॉड की टीमों ने संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और स्थानों की जांच की। अभियान के दौरान जगदीश कॉलोनी में आवश्यक दस्तावेज नहीं मिलने पर चार संदिग्ध मोटरसाइकिलों को कब्जे में लिया गया। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने संवेदनशील क्षेत्रों में पहुंचकर संदिग्ध गतिविधियों की पड़ताल की। कार्रवाई का उद्देश्य नशे की अवैध गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने के साथ अपराधों की रोकथाम और कानून-व्यवस्था मजबूत करना रहा।

सीआईए-2 और पुलिस चौकी अनाज मंडी की टीम ने जगदीश कॉलोनी में सर्च अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान चार मोटरसाइकिलें ऐसी मिलीं, जिनके आवश्यक कागजात उपलब्ध नहीं थे। पुलिस ने चारों मोटरसाइकिलों को कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्रवाई शुरू की। वहीं, थाना शहर और सीआईए-1 की टीम ने न्यू ऑटो मार्केट में तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने खाली प्लॉटों, बंद मकानों और अन्य संदिग्ध स्थानों की जांच की। इसके साथ ही वाहनों की पड़ताल कर संभावित अवैध गतिविधियों पर नजर रखी गई। इसके अलावा पुलिस चौकी सिसाय पुल, पुलिस चौकी किला बाजार, एवीटी स्टाफ और डांग स्क्वॉड की टीमों ने भी अभियान में भाग लिया। संयुक्त कार्रवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस की निगरानी बढ़ाई गई।



निगम ने 20 दिन में 190 बंदर पकड़े

हिसार। शहर में बंदरों की समस्या से लोगों को राहत दिलाने के लिए नगर निगम का अभियान जारी है। अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने बताया कि निगमायुक्त के आदेशानुसार बंदर पकड़ने का कार्य एंजेसी द्वारा किया जा रहा है। एंजेसी ने 24 सितंबर से 13 अक्टूबर तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 190 बंदर पकड़े गए। पकड़े गए सभी बंदरों को फिरोजपुर झिरका के जंगलों में छोड़ दिया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम ने बंदर पकड़ने के लिए एजेंसी को एक वर्ष का कार्य सौंपा है। इसके लिए 1,570 रुपये प्रति बंदर की दर निर्धारित की गई है।

पराली जलाने पर नजर रखने के लिए हांसी के गांवों में लगाए एयर क्वालिटी डिटेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

धान की पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने और वायु गुणवत्ता की निगरानी मजबूत करने के लिए जिला प्रशासन ने गांव बास आजमशापुर और भैणी अमीरपुर में एयर क्वालिटी डिटेक्टर यंत्र स्थापित किए हैं। इनसे वायु गुणवत्ता, प्रदूषण के स्तर और हवा में नमी की जानकारी मिलेगी। कृषि विभाग द्वारा यंत्रों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर दैनिक रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजी जा रही है। डीसी राहुल नरवाल ने किसानों से पराली नहीं जलाने और फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने की अपील की है।



बास आजमशापुर रेड जोन में

कृषि विभाग के कृषि विकास अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि बास आजमशापुर फिलहाल जिले का एकमात्र गांव है, जो पराली जलाने की घटनाओं के लिहाज से रेड जोन में शामिल है। इसी को ध्यान में रखते हुए यहां एयर क्वालिटी डिटेक्टर लगाया गया है, ताकि वायु गुणवत्ता की स्थिति पर नजर रखकर समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। उन्होंने बताया कि भैणी अमीरपुर खरीफ सीजन 2023-24 के दौरान रेड जोन में शामिल रहा था, लेकिन अब यह इससे बाहर आ चुका है। भविष्य में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने और वायु गुणवत्ता पर निगरानी बनाए रखने के लिए यहां भी यंत्र स्थापित किया गया है।



निगम ने बाजारों से हटाया अतिक्रमण

हिसार। नगर निगम की टीम ने बुधवार को रेलवे स्टेशन रोड से अतिक्रमण हटाने की शुरुआत की। कुछ दुकानदारों का सामान भी जब्त किया गया। इसके साथ ही नई सब्जी मंडी रोड, जलेबी चौक, राजगुरु मार्केट, बालाजी मार्केट, पूजा मार्केट, आर्य बाजार, पुल तेलियान, बिश्नोई मार्केट से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके अलावा तलाकी गेट से विश्वकर्मा धर्मशाला ऋषि नगर व एचएयू गेट नंबर 2 बालसमंद रोड से मलिक चौक तक बस स्टैंड से सिरसा चुंगी तक व एमसी-डीसी कॉलोनी मार्केट में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

हिसार में छात्रा की मौत के बाद परिवहन निदेशालय सख्त

किलोमीटर स्कीम की बसों की होगी जांच

दुर्घटनाओं व यात्रियों से दुर्व्यवहार की शिकायतों पर कार्रवाई की तैयारी, निरीक्षण दल देंगे बसों के संचालन योग्य होने की रिपोर्ट, रोडवेज संगठन उठा चुके बसों का रंग बदलने की मांग

राजेश्वर बैनीवाल ▶▶| हिसार

किलोमीटर स्कीम के तहत संचालित बसों में अनियमितताओं, दुर्घटनाओं और यात्रियों से दुर्व्यवहार की लगातार मिल रही शिकायतों पर राज्य परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। परिवहन निदेशालय ने प्रदेश के सभी डिपो महाप्रबंधकों को पत्र जारी कर इन बसों का निरीक्षण करवाने और नियमों के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। निदेशालय ने माना है कि इन बसों के संचालन को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों से विभाग की छवि धूमिल हो रही है।

लगातार मिल रहीं शिकायतें

राज्य परिवहन महानिदेशक की ओर से बुधवार को जारी पत्र में सभी महाप्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने अधीनस्थ निरीक्षण दलों को स्पष्ट आदेश जारी करें। निरीक्षण दल यह जांच करेंगे कि (510) किलोमीटर स्कीम के तहत संचालित बसें निर्धारित मानकों के अनुरूप हैं या नहीं और यात्रियों के परिवहन के लिए संचालन योग्य हैं या नहीं। इसके बाद निरीक्षण दलों को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि जांच के दौरान सामने आने वाली अनियमितताओं पर अनुबंध की शर्तों के अनुसार कार्रवाई की जाए। इसके लिए महाप्रबंधकों को अपने स्तर पर निरीक्षण और निगरानी व्यवस्था प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

किलोमीटर स्कीम की बसों को लेकर मुख्यालय को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से दुर्घटनाओं और चालकों द्वारा यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतें मिल रही हैं। आरोप हैं कि कुछ बसों के चालक लापरवाही से वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। हाल ही में हिसार में किलोमीटर स्कीम की बस की चपेट में आने से गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की एक छात्रा की मौत हो गई थी। प्रदेश के अन्य क्षेत्रों से भी ऐसी दुर्घटनाओं के मामले सामने आते रहे हैं।



मुख्यालय से पत्र मिला

मुख्यालय की ओर से इस संबंध में पत्र प्राप्त हुआ है। पत्र में दिए गए निर्देशों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान यदि कोई अनियमितता सामने आती है तो उसके अनुरूप कदम उठाए जाएंगे। -**प्रीतम कुमार,** टीएम, हिसार डिपो।

रोडवेज बसों जैसा रंग होने से भ्रम

किलोमीटर स्कीम के तहत बसें निजी मालिकों के साथ अनुबंध करके संचालित की जाती हैं। इन बसों से अनुबंध के अनुसार प्रतिमाह 9 हजार या 12 हजार किलोमीटर तक संचालन करवाया जाता है। व्यवस्था के तहत बस का चालक निजी मालिक की ओर से नियुक्त होता है, जबकि परिचालक हरियाणा रोडवेज की ओर से तैनात किया जाता है। किलोमीटर स्कीम की बसों का रंग हरियाणा रोडवेज की बसों जैसा ही है। इनमें केवल आगे और पीछे की ओर छोटी-सी लाल पट्टी लगाई गई है। ऐसे में दुर्घटना होने पर लोग कई बार इन्हें रोडवेज की बस समझ लेते हैं, जबकि जांच में संबंधित बस किलोमीटर स्कीम की निकलती है। हिसार में छात्रा की मौत के मामले में भी ऐसा भ्रम पैदा हुआ था। इसके बाद रोडवेज अधिकारियों और कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को स्पष्ट किया था कि दुर्घटनाग्रस्त बस रोडवेज की नहीं, बल्कि किलोमीटर स्कीम के तहत संचालित थी। इसी कारण रोडवेज कर्मचारी संगठन लंबे समय से इन बसों का रंग अलग करने की मांग उठा रहे हैं, ताकि आमजन दोनों तरह की बसों के बीच आसानी से अंतर कर सकें।

असम में लहलहाएगा हिसार का प्याज

हकृवि और मैजेस्टिक इम्पेक्स, गुवाहाटी के बीच हुआ समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित किए जा रहे उन्नत किस्मों के बीज देश भर के किसानों तक पहुंचाने के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ समझौते किए जा रहे हैं। हकृवि द्वारा ईजाद की जा रही उन्नत किस्मों की मांग देश भर में बढ़ती जा रही है। इसी कड़ी में निजी क्षेत्र की कंपनी मैजेस्टिक इम्पेक्स, गुवाहाटी (असम) ने हकृवि के साथ हिसार प्याज-3 के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि हकृवि के वैज्ञानिकों द्वारा लगातार विभिन्न फसलों की उन्नत किस्में विकसित की जा रही हैं। वैज्ञानिकों द्वारा ईजाद की गई उन्नत किस्में देशभर में अपना परचम लहरा रही हैं। किसानों को विश्वसनीय किस्मों का बीज उपलब्ध करवा कर प्रदेश एवं देश के खाद्य उत्पादन में बढ़ोतरी की जा सकती है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आएगा।



जानिए... हिसार प्याज-3 किस्म की विशेषताएं

विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ.राजबीर गर्ग ने बताया कि इस किस्म के प्याज के कंद तांबे जैसे चमकीले भूरे लाल रंग व ग्लोबुलर आकर के होते हैं और कम तीखापन होते हुए भी भंडारण क्षमता अधिक होती है। प्याज में कुल घुलनशील तत्व की मात्रा 14 प्रतिशत होती है। इस किस्म की खड़ी फसल में फूल वाले डंठल व भंडारण में भी फुटाव बहुत ही कम होता है। इस किस्म में गुलाबी दाग, प्याज का पीलिया ड्वार्फ विषाणु रोग व चूरडा कीट का आक्रमण अति न्यूनतम है। यह किस्म 130 से 140 दिन में तैयार होकर लगभग 125 क्विंटल तक प्रति एकड़ पैदावार देती है। कुलपति प्रो. काम्बोज की उपस्थिति में हुए समझौते पर मैजेस्टिक इम्पेक्स, गुवाहाटी की ओर से एग्जिक्यूटिव मेंबर नीरज अग्रवाल ने जबकि विश्वविद्यालय की ओर से अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. नरेश कौशिक, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल, डॉ. एसके पाहुजा, डॉ. एसके तेहलान मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. विरेन्द्र मोर, डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. अनुराग, डॉ. पवन व कंपनी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।





हेल्थ क्वेस्ट

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

सिर की पुरानी चोट में जब फिर से उभरे दर्द



मेरी उम्र 27 वर्ष है। कुछ माह पहले मेरे सिर पर चोट लगी थी। पिछले कुछ समय से चोट वाली जगह पर दर्द हो रहा है। कभी-कभी दर्द तेज हो जाता है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?

-रोहन, रायपुर

आप तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और जो भी वे सजेस्ट करें, सिर की एमआरआई या सीटी स्कैन करवा लें। क्योंकि कई बार चोट लगने पर क्लॉटिंग हो जाती है और उसके कारण दर्द और आगे चलकर कई बार ज्यादा बड़ी परेशानी बन सकती है। इसलिए आप तुरंत डॉक्टर से संपर्क कर जांच कराएं।

मेरी उम्र 53 वर्ष है। कुछ समय पहले पेट के अल्ट्रासाउंड से पता चला कि किडनी के पास सिस्ट हैं। क्या इससे कोई नुकसान नहीं होता? इसका ट्रीटमेंट कैसे होगा?

-दीपक, राजनांदगांव

इस मामले में बगैर रिपोर्ट देखें कुछ भी कहना ठीक नहीं है। सिस्ट किस तरह की है, क्या पोजीशन है वह रिपोर्ट से तय होगा। रिपोर्ट देखकर तय होगा कि ऑपरेट करने की जरूरत है यह दवा से ही ठीक हो सकती है।

मेरी उम्र 38 वर्ष है। कुछ दिन पहले मेरी नाक से अचानक खून रिसने लगा, फिर कुछ समय बाद यह अपने-आप ही बंद हो गया। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हुआ? यह कोई चिंता की बात तो नहीं?

-सुजीत, बिलासपुर

इसको लेकर चिंता करने की कोई बात नहीं है। यह समस्या ज्यादातर गर्मियों में होती है। हालांकि कई बार दूसरे मौसम में भी हो सकती है। कोशिश करें कि जब ब्लड आ रहा हो तो उसे समय बगैर तकिए के लेट जाएं। कुछ देर में अपने आप ही ब्लड बंद हो जाएगा।

मेरी उम्र 62 वर्ष है। दो माह पहले प्रोस्टेट का ऑपरेशन हुआ था। कुछ दिनों से कमर में दर्द हो रहा है। दर्द का रिलेशन ऑपरेशन से तो नहीं है? मैं क्या करूं?

-हरीश, महेंद्रगढ़

चूंकि आपका ऑपरेशन हुआ है। इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। हो सकता है कि दर्द की वजह ऑपरेशन हो, लेकिन आपको उस डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए, जिसने आपकी सर्जरी की थी। वह जांच कर इसकी वजह बताएंगे और जरूरत पड़ेगी तो उसका ट्रीटमेंट करेंगे। फिलहाल बगैर डॉक्टर से संपर्क के आप किसी भी तरह की मेडिसिन ना लें।

मेरी उम्र 45 वर्ष है। सर्दी शुरू होते ही हथेलियों में बार-बार रूखापन फील होता है। जेली, ऑयल लगाने के कुछ देर बाद फिर ड्रायनेस होती है, इसकी क्या वजह हो सकती है?

-कुलदीप, दुर्ग

कुछ लोगों की स्किन ऑयली होती है जबकि कुछ लोगों की ड्राय होती है। हो सकता है कि आपकी स्किन ड्राय हो, जिस वजह से लगातार ड्रायनेस रहती है। आप कोशिश करें कि पानी पर्याप्त मात्रा में पिएं। पानी की कमी की वजह से भी कई बार ड्रायनेस हो सकती है। इसके साथ कोशिश करें कि नारियल का तेल लगाएं। वह सबसे अच्छा रहेगा। नहाने के तुरंत बाद तेल लगाना सबसे ज्यादा फायदेमंद होता है।

मेरी उम्र 42 वर्ष है। मेरा पेट अकसर गड़बड़ रहता है। कभी कब्ज, तो कभी लूज मोशन की समस्या होती रहती है। मेरे पेट की समस्या का स्थाई निदान बताने का कष्ट करें।

-सागर, महासमुंद

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि डाइजेशन सिस्टम ठीक नहीं है। इस वजह से यह समस्या आ रही है। आप खान-पान में सुधार करें। दोपहर में खाने के साथ दही या छाछ जरूर लें। नाश्ते में फल को शामिल करें। रात में हल्का खाना लें। पर सबसे जरूरी चीज यह है कि अधिक तला-भुना या बाजार का पैक्ड फूड न खाएं। यह आपकी परेशानी और बढ़ा सकता है। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**





डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. सुदीप जैन
डायरेक्टर-स्पाइन सॉल्यूशंस इंडिया
नई दिल्ली

स्पेशल: वर्ल्ड स्पाइन डे, 16 अक्टूबर

आमतौर पर लोग अपनी स्पाइन हेल्थ यानी रीढ़ की हड्डी के स्वास्थ्य पर जरूरी ध्यान नहीं देते हैं। ऐसे में इस बार के वर्ल्ड स्पाइन डे की थीम-स्पाइन हेल्थ फॉर लाइफ, बहुत मायने रखती है। यह थीम हमें प्रेरित करती है कि रीढ़ की सेहत का ख्याल रखना जीवन भर की जिम्मेदारी है। यहां एक्सपर्ट डॉक्टर स्पाइन हेल्थ से जुड़े यूजफुल सजेशंस दे रहे हैं।

ऐसे करें स्पाइन हेल्थ केयर

प्रसिद्ध मेडिकल जर्नल 'द लैंसेट' के अनुसार, दुनिया भर में प्रत्येक दस में से एक व्यक्ति कमर दर्द की समस्या से ग्रस्त है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वर्ष 2020 में 619 मिलियन लोग दुनिया भर में कमर के निचले भाग में होने वाले दर्द (लोअर बैक पेन) से पीड़ित थे। मौजूदा दौर में कंप्यूटर, लैपटॉप और स्मार्टफोन आदि इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर देर तक काम करने से और गलत पोस्चर्स में बैठने के कारण लोगों में रीढ़ की हड्डी से संबंधित समस्याएं बढ़ रही हैं। अगर किसी व्यक्ति को लगभग एक हफ्ते से अधिक समय से गर्दन या फिर कमर दर्द की समस्या है, रीढ़ की हड्डी और उसके आसपास दर्द हो रहा है और उसे पारंपरिक उपचार (जैसे दर्द से राहत पाने के लिए ठंडे पानी से सिकाई और सूजन कम करने के लिए गर्म पानी से सिकाई) से राहत नहीं मिल रही हो तो मरीज को डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

स्पाइन की प्रमुख समस्याएं

स्पाइन से जुड़ी कुछ प्रमुख समस्याओं में शामिल हैं- साइटिका या सियाटिका, स्पाइनल कॉर्ड इंजरी, स्पाइनल अर्थराइटिस, हर्निएटेड डिस्क, स्पाइनल स्टेनोसिस, स्कोलियोसिस, एंकिलोसिंग स्पॉन्डिलाइटिस और कायफोसिस।

स्पाइन प्रॉब्लम्स के लक्षण

- कमर में दर्द और जकड़न महसूस करना। अधिकतर मामलों में यह दर्द कमर के निचले हिस्से यानी लंबर में ज्यादा होता है।
- गर्दन में जकड़न या दर्द।
- अनेक लोगों में कमर और गर्दन से संबंधित दर्द दिन की बजाय रात में ज्यादा होता है।
- कुछ लोग दर्द की समस्या कमर से लेकर कूल्हों तक महसूस करते हैं।
- अनेक लोगों में व्यायाम करने के बाद या फिर चलने-फिरने की स्थिति में कमर व गर्दन दर्द की समस्या बढ़ जाती है।
- कुछ मामलों में लोग गर्दन व कमर के भाग में सुन्नता का एहसास भी करते हैं।
- रीढ़ की समस्या के गंभीर होने पर मरीज को नित्य क्रिया करने जैसे पेशाब आदि से संबंधित समस्याएं हो सकती हैं।

स्पाइन प्रॉब्लम्स के प्रमुख कारण

- एक उम्र (चालीस-पैतालीस वर्ष) के बाद हड्डियों में प्राकृतिक क्षरण प्रक्रिया शुरू हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति का चलना-फिरना और उसकी सक्रियता कम होने लगती है।
- अस्वास्थ्यकर जीवनशैली, जिसके अंतर्गत व्यायाम न करना, मोटापा और गलत खान-पान आदि कई कारण शुमार हैं।
- इन दिनों स्पाइन संबंधी समस्याओं का एक प्रमुख कारण गलत पोस्चर में घंटों बैठना, चलना या लेटना है। आमतौर पर लोग लैपटॉप या कंप्यूटर पर कार्य करते समय या टेलीविजन देखते समय या अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर काम करते वक्त रीढ़ की हड्डी को उसके नेचुरल कर्व में नहीं रखते हैं।
- दिनों-दिन बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं या अन्य दुर्घटना से भी ऐसा होता है।
- आनुवंशिक या जेनेटिक कारण।
- रीढ़ की हड्डी पर चोट लगना।
- धूम्रपान करना भी इसका कारण हो सकता है।

इलाज के तरीके

स्पाइन संबंधी समस्याओं में ऑपरेशन की नौबत तब आती है, जब पीड़ित व्यक्ति को दवाओं और फिजियोथेरेपी आदि से राहत नहीं मिलती। सर्जरी के भी कई तरीके हैं। जैसे- मिनिमली इनवेसिव स्पाइन सर्जरी, एंडोस्कोपिक स्पाइनल सर्जरी, स्पाइनल फ्यूजन सर्जरी, स्पाइनल लैमिनेक्टॅमी, डिस्केक्टॅमी, डिस्क रिप्लेसमेंट, वर्टिब्रोप्लास्टी। इनमें से डॉक्टर पेशेंट की कंडीशन के बेस पर तय करते हैं कि कौन सी सर्जरी इफेक्टिव रहेगी।

मोटापे का दुष्प्रभाव

वर्ल्ड ओबेसिटी फैडरेशन द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार मोटापा रीढ़ की हड्डियां और शरीर के अन्य जोड़ों की समस्याओं को बढ़ा देता है। मोटापे के कारण स्पाइन का एलाइनमेंट असंतुलित हो जाता है। इसलिए मोटापे पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। इसके लिए अपने खान-पान और व्यायाम पर ध्यान दें।

स्पाइनल हेल्थ और व्यायाम

विभिन्न प्रकार के व्यायामों से स्पाइन में लचीलापन बना रहता और इनके समीप स्थित मांसपेशियां मजबूत रहती हैं। अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार व्यायाम करें। इस क्रम में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लें। अपनी क्षमता के अनुसार नियमित रूप से टहलें, साइकिल चलाएं, स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करें और तैराकी भी कर सकते हैं। योगासन भी रीढ़ की हड्डी को लचीला और सशक्त बनाने में मदद करते हैं, किंतु इनकी शुरुआत किसी योग विशेषज्ञ से परामर्श लेकर करना चाहिए।



डाइट भी है इंपॉर्टेंट

हरी पत्तेदार सब्जियों को अपने आहार में वरीयता दें। पत्तेदार सब्जियों में विटामिंस और मैग्नीशियम पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं, जिनसे आपकी रीढ़ की हड्डी के समीप स्थित मांसपेशियां मजबूत होती हैं और रीढ़ की हड्डियां सशक्त बनी रहती हैं। जंक फूड्स और अत्यधिक चिकनाई युक्त खाद्य पदार्थ रीढ़ की सेहत के लिए नुकसानदेह हैं। इसके अलावा अपने खान-पान में दूध, दही, पनीर, बटर, छाछ आदि को शामिल करें। दूध और इससे निर्मित उत्पादों में कैल्शियम पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, जो रीढ़ को मजबूत रखने में सहायक हैं। इसके अलावा खट्टे फल, बींस, नट्स और ड्राय फ्रूट्स का सेवन करें।

सही पोस्चर में सोएं

पेट के बल सोने से रीढ़ को वांछित विश्राम नहीं मिल पाता। पेट के बल सोना नींद लेने की खराब स्थिति है, जो आपकी रीढ़ की मांसपेशियों और वर्टेब्रा पर सबसे अधिक दबाव डालती है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह स्थिति आपकी रीढ़ के प्राकृतिक वक्र को समतल कर देती है। यही नहीं, पेट के बल सोने से आपको गर्दन भी मोड़नी पड़ सकती है। नतीजतन गर्दन और कमर में दर्द हो सकता है। अगर आप पेट के बल या करवट के बल सोते रहने के आदी हैं, तो भी अपने सोने की शुरुआत पीठ के बल लेटकर ही करें।

बैठने का सही तरीका

देर तक बैठे रहने के कारण 'स्पाइनल एलाइनमेंट' बनाए रखने में दिक्कत होती है। इससे बचने के लिए कुछ बातों पर गौर करें।

- अगर आपकी डेस्क जॉब है तो थोड़ी देर के बाद उठकर आस-पास टहल लें।
- बैठने के दौरान पीठ को सहारा दीजिए और जरूरत पड़ने पर पीठ के पीछे गद्दी रखें।
- बहुत देर तक झुककर बैठने से बचें। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

वर्कप्लेस पर रखें ध्यान

कर्मचारियों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाए बिना उनकी कार्य क्षमता बढ़ाने को एर्गोनॉमिक्स कहा जाता है। ऑफिस में एर्गोनॉमिक्स का पालन करने से स्वस्थ रीढ़ से संबंधित उपायों को सुनिश्चित करने में काफी मदद मिलती है। जैसे-

- कंप्यूटर व लैपटॉप आदि गैजेट्स का संचालन ऐसी खास कुर्सियों पर बैठकर करना, जो आपकी रीढ़ को पर्याप्त सपोर्ट करती हों।
- कार्य के दौरान कुछ समय के लिए 'ब्रेक' लेने के लिए एक ऐसे कक्ष की व्यवस्था करना, जिसमें आप गर्दन और कमर से संबंधित स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज कर सकें।
- कंप्यूटर पर कार्य करने की ऐसी विधि अपनाना, जिससे रीढ़ की हड्डी पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

फिटनेस

अंजू जैन

एक्सरसाइज का नया ट्रेंड हायरॉक्स वर्कआउट



हायरॉक्स वर्कआउट, ग्लोबल फिटनेस का सबसे तेजी से उभरता हुआ खेल और एक्सरसाइज ट्रेंड है। यह एक ऐसा स्टैंडर्ड फॉर्मेट है, जो दौड़ने और फंक्शनल स्ट्रेंथ ट्रेनिंग को एक साथ परफॉर्म करने का मौका देता है।

क्या है हायरॉक्स: यह एक इनडोर फिटनेस रेस है। इसका एक निश्चित प्रारूप होता है। इस रेस में भाग लेने वाले एथलीट को कुल 8 किलोमीटर की दौड़ लगानी होती है और 8 अलग-अलग फंक्शनल वर्कआउट स्टेशनों को पूरा करना होता है। रेस की शुरुआत 1 किलोमीटर की दौड़ से होती है, जिसके तुरंत बाद पहला वर्कआउट स्टेशन आता है। इसके 8 चैलेंजिंग वर्कआउट स्टेशनों में पहला स्टेशन स्कीएर्ग है। इसमें स्कीइंग मशीन पर 1,000 मीटर की दूरी पूरी करनी होती है, जो ऊपरी शरीर और कोर को टार्गेट करती है। स्टेशन 2 स्लेड पुश है। इसमें एक भारी स्लेज को 50 मीटर तक पैर की ताकत से धकेलना होता है। स्टेशन 3 स्लेड पुल होता है। 50 मीटर तक भारी स्लेज को रस्सी के सहारे अपनी तरफ खींचना होता है। स्टेशन 4 बरपी ब्रॉड जंप्स होता है। इसमें बर्पी करने के बाद आगे की तरफ लंबी छलांग लगानी होती है, जिसे 80 मीटर तक पूरा करना होता है। स्टेशन 5 में रोइंग मशीन पर 1,000 मीटर की दूरी तय करनी होती है, जो पूरे शरीर का कार्डियो टेस्ट है। स्टेशन 6 फॉर्मर्स कैरी है। इसमें दोनों हाथों में भारी केटलबेल या डंबल उठाकर 200 मीटर तक चलना होता है। स्टेशन 7 सैंडबैग लॉन्जेज होता है। इसमें पीठ पर भारी सैंडबैग (रेत की बोरी) रखकर 100 मीटर तक लंज वॉक करनी होती है। स्टेशन 8 वॉल्स बॉल्स में एक भारी मेडिसिन बॉल को स्क्वैट करते हुए दीवार पर बने निश्चित निशान पर 100 बार फेंकना होता है।

बढ़ रही पॉपुलैरिटी: पश्चिमी देशों के साथ ही एशियाई बाजारों में भारत इस समय हायरॉक्स के लिए सबसे तेजी से बढ़ता हुआ केंद्र बनकर उभरा है। साल 2025-2026 के दौरान मुंबई और बेंगलुरु जैसे महानगरों में आयोजित इसके इवेंट्स में प्रतिभागियों की संख्या में 5 गुना से अधिक की वृद्धि देखी गई। इससे साबित होता है कि भारतीय फिटनेस संस्कृति में लोग अब केवल 'दिखने के लिए' बॉडी बिल्डिंग करने के बजाय, व्यावहारिक शारीरिक क्षमता को अपना नया स्टेटस सिंबल मान रहे हैं। *

अवेयरनेस

संध्या सिंह

रोड एक्सीडेंट, फायर एक्सीडेंट या अन्य हादसों की वजह से लाखों लोग हर साल ट्रॉमा सेंटर पहुंचते हैं। इमरजेंसी में लाइफ सेव करने में इनका बड़ा रोल होता है। विश्व ट्रॉमा दिवस, 17 अक्टूबर के अवसर पर जानिए, इनकी इंपॉर्टेंस के बारे में।

एक्सीडेंट-इमरजेंसी में लाइफ सेवर ट्रॉमा सेंटर



सड़क खाली थी। ट्रैफिक सामान्य था। फोन स्क्रीन पर सिर्फ एक नोटिफिकेशन चमका। ड्राइवर ने सोचा बस एक सेकेंड में देख लेता हूं। उसका अंगूठा स्क्रीन तक पहुंचा। पलभर को नजर सामने से हटी। ठीक उसी समय सामने चल रही गाड़ी ने अचानक ब्रेक लगाया। ब्रेक पेडल दबाने और उससे पहले जरूरी फैसला लेने के बीच जो कुछ सेकेंड का फासला रहा, बस उन्हीं पलों में ड्राइवर की जिंदगी की दिशा बदल गई। एक घंटे बाद जब उसे होश आया, वह ट्रॉमा सेंटर में था।

जरा भी लापरवाही होती है खतरनाक: सड़क हादसे अकसर किसी बहुत बड़ी गलती से नहीं होते, कई बार इनकी वजह बस एक सेकेंड को सामने से ध्यान हटना भर होता है। कभी बज रहे मोबाइल फोन को उठा लेने की वजह से, कभी एक मैसेज पढ़ लेने के लालच से या कभी सोशल मीडिया के किसी नोटिफिकेशन को देखने की उत्सुकता के चलते, बड़ा से बड़ा एक्सीडेंट हो जाता है। ऐसे में समस्या मोबाइल के महज हाथ में लेने भर की नहीं है, असली समस्या उस क्षण हमारा ध्यान सड़क से हट जाना है। क्योंकि आज मोबाइल हमारी जेब में रखा महज एक उपकरण भर नहीं है। यह हमारी लगातार चलती-फिरती दुनिया का नियंत्रण केंद्र है। सड़क पर वाहन चलाते समय इस दुनिया की तरफ ध्यान देने भर की कोशिश कई बार जानलेवा होती है।

क्या है ट्रॉमा सेंटर: केंद्र सरकार की योजना नेशनल प्रोग्राम फॉर प्रिवेंशन एंड मैनेजमेंट ऑफ ट्रॉमा एंड बर्न इंजरीज (एनपीपीएमटी एंड बीआई) के तहत दिसंबर 2024 में देश में 163 ट्रॉमा सेंटर चल रहे थे, जबकि 2026 के अंत तक इन्हें बढ़ाकर 196 किए जाने का लक्ष्य है। ट्रॉमा सेंटर कोई अलग अस्पताल नहीं होता, इसकी स्थापना के पीछे मूल अवधारणा यह है, 'घायल व्यक्ति को शुरुआत से लेकर ऑपरेशन, विशेषज्ञ उपचार और रिहैबिलिटेशन' तक एक संगठित और लगातार चलने वाली ट्रॉमा केयर उपलब्ध कराना।

लाखों लोगों की बचती है जान: साल 2019-20 में हेल्थ मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) के आंकड़ों के मुताबिक लगभग 97.9 लाख लोगों का ट्रॉमा रजिस्ट्रेशन हुआ था। हालांकि यह सभी ट्रॉमा सेंटरों के मरीज नहीं बल्कि रिपोर्ट किए गए मामले थे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हर साल कितने बड़े पैमाने पर दुर्घटनाओं के शिकार लोग ट्रॉमा सेंटर पहुंचते हैं। आल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एआईआईएमएस) के जयप्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में 1,70,576 लोग ओपीडी पहुंचे थे, जिनमें 7,379 लोगों को एडमिट किया गया था और इनमें से 7,535 सर्जरी हुई थी। देश में साल 2023 में 4,80,583 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज हुई थीं, जिनमें 4,62,825 लोग घायल हुए थे, जबकि 1,72,890 लोगों की मृत्यु हो गई थी। ट्रॉमा का मतलब केवल सड़क दुर्घटनाओं के शिकार लोगों को मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराना भर नहीं होता है। कार्यस्थलों में होने वाली दुर्घटनाओं, आग के शिकार लोगों तथा हिंसा आदि में शिकार लोगों को तुरंत इलाज उपलब्ध कराना भी इसें शामिल है।

रोड एक्सीडेंट है बड़ी वजह: स्वास्थ्य मंत्रालय की मानें तो देश में हर साल 10 फीसदी से ज्यादा मौतें लोगों के दुर्घटनाओं में शिकार होने से होती हैं। इनमें सबसे ज्यादा होने वाली सड़क दुर्घटनाएं हैं। सिर्फ फोन के कारण ही सड़क दुर्घटनाएं नहीं होती हैं, सड़क पर गाड़ी चलाते समय अचानक कुछ ही सेकेंडों के लिए ही सही ड्राइवर को नींद आ जाना, अचानक आगे चल रही गाड़ी का रुक जाना या गलत दिशा में मुड़ जाना आदि सड़क दुर्घटनाओं के अनेक कारण होते हैं। हमें यह समझना होगा कि कोई भी सूचना जिंदगी से ज्यादा कीमती नहीं होती। इसलिए गाड़ी चलाते समय कभी भी एक सेकेंड के आत्मविश्वास में मैसेज नहीं देखना चाहिए या फोन नहीं सुनना चाहिए। *

हेल्थ सजेशन

शिखर चंद जैन

स्वस्थ जीवन के लिए अच्छा खान-पान, साफ-सफाई आदि तो जरूरी है ही, हमारे दैनिक जीवन में कुछ आदतों में सुधार और दिनचर्या में कुछ आदतों को शुमार करना भी जरूरी है। इनके बारे में यहां बता रहे हैं।

स्वस्थ रहने के आसान सूत्र

अगर आप अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ आदतों को शामिल कर लें तो इसका असर आपकी हेल्थ पर पड़ेगा।

नाक से सांस लेना: कई लोगों को देखा जाता है कि वे अकसर मुंह से सांस लेते हैं या डीप ब्रीदिंग न करके उथली व छिछली ब्रीदिंग करते हैं। यह गलत है। सांस हमेशा नाक से लें और गहरी सांस लें। नाक के अंदर 'नाइट्रिक ऑक्साइड' गैस बनती है। जब हम नाक से सांस लेते हैं, तो यह गैस फेफड़ों में जाती है, जिससे रक्त वाहिकाएं चौड़ी हो जाती हैं और शरीर 18 प्रतिशत अधिक ऑक्सीजन सोख पाता है। जागते समय दिन भर और सोते समय भी सचेत रहें कि आपका मुंह बंद रहे। अगर सोते समय मुंह खुलता है, तो 'माउथ टेपिंग' (विशेष टेप) का उपयोग आजकल एक रिसर्च आधारित ट्रेंड है। दिन भर आप नाक से सांस ले रहे हैं या नहीं इसके लिए शुरू में ब्रीदिंग चेक करें। हर 1-2 घंटे में एक रिमाइंडर सेट करें (या फोन पर वॉलपेपर लगाएं) यह चेक करने के लिए कि आपका मुंह बंद है और आप नाक से गहरी सांस ले रहे हैं। अगर डेस्क जॉब है, तो हर बार पानी पीते समय 2 मिनट अपनी नाक से होने वाली सांस पर ध्यान दें। इस तरह धीरे-धीरे आपकी आदत ठीक हो जाएगी।





ग्राउंडिंग या अर्थिंग: विज्ञान कहता है कि पृथ्वी की सतह में 'मुक्त इलेक्ट्रॉन' का भंडार होता है। जब हमारी त्वचा सीधे मिट्टी या घास के संपर्क में आती है, तो ये इलेक्ट्रॉन शरीर में प्रवेश कर एंटी-ऑक्सीडेंट की तरह काम करते हैं। शोध बताते हैं कि यह शरीर की सूजन को कम करता है और नींद की गुणवत्ता सुधारता है। इसके लिए रोज सुबह 10-15 मिनट नंगे पैर घास, गीली मिट्टी या रेत पर चलें। कंक्रीट या टाइल्स पर यह काम नहीं करता। जमीन पर लेटना, नदी, तालाब, झील में पैर डाल कर बैठना भी फायदेमंद है। गठिया में इससे फायदा होता है।

सर्केडियन ईटिंग: हमारे शरीर के हर अंग की अपनी एक घड़ी होती है। पाचन तंत्र सूर्योदय के समय सबसे सक्रिय और सूर्यास्त के बाद धीमा हो जाता है। रात को देर से खाने से शरीर भोजन को पचाने में ऊर्जा लगाता है, जिससे 'सेलुलर रिपेयर' (कोशिकाओं की मरम्मत) का काम रुक जाता है। इसके लिए 'सनराइज टू सनसेट' नियम अपनाएं। कोशिश करें कि रात का आखिरी भोजन सूर्यास्त के 2-3 घंटे के भीतर या रात 8 बजे से पहले हो जाए। रात को सोने से कम से कम 2-3 घंटे पहले कुछ न खाएं। अगर भूख लगे, तो सिर्फ हर्बल टी या पानी लें। इससे सोते समय आपका शरीर 'पाचन' के बजाय 'रिपेयरिंग' (मरम्मत) पर ध्यान दे पाएगा।



योग निद्रा: स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोध के अनुसार, योग निद्रा दिमाग को 'थीटा' और 'डेल्टा' ब्रेन वेव अवस्था में ले जाता है। यह गहरी नींद के बिना भी नर्वस सिस्टम को शांत करता है और मस्तिष्क की न्यूरोप्लास्टिसिटी को बढ़ाता है। इसके अभ्यास के लिए दिन में जब भी थकान महसूस हो, 15-20 मिनट के लिए लेट जाएं और किसी गाइडेड 'योग निद्रा' ऑडियो को सुनें। यह 2 घंटे की नींद जितनी ताजगी दे सकता है। दिनचर्या में जब सुस्ती महसूस हो, तो 20 मिनट आंखें बंद करके लेट जाएं। *

(डाइटिशियन पिंकी गोयल, लाइफ स्टाइल कोच हरिराम अग्रवाल से बातचीत पर आधारित)

खबर संक्षेप

राजकीय कॉलेज में छात्रों ने चलाया सफाई अभियान

नारनौंद। राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चौपटा के प्राचार्य अनिल कुमार के निर्देशन में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। एनएसएस की प्रभारी सहायक प्राध्यापिका विद्यावती की देख-रेख में स्वयंसेवकों के द्वारा महाविद्यालय परिसर की सफाई एवं स्वच्छता के लिए सफाई अभियान चलाया गया। 'सेवा संकल्प थीम' के अन्तर्गत इस कार्यक्रम का शुभारंभ स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास से किया। इसके पश्चात प्राचार्य अनिल कुमार ने स्वयंसेवकों को अपने सम्बोधन से स्वयंसेवकों को राष्ट्र प्रेम के बारे में बताया कि हमें अपने राष्ट्र से प्रेम करना चाहिए और इसकी उन्नति में अहम योगदान देना चाहिए।

छवि सरदाना को परशुराम समिति ने किया सम्मानित

हिसार। भगवान परशुराम जन सेवा समिति ने एचसीएस परीक्षा में पूरे प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त कर हिसार का गौरव बढ़ाने वाली डोगरान मोहल्ला निवासी छवि सरदाना को सम्मानित किया है। इस मौके पर समिति के सरपरस्त व राज्यसभा के पूर्व सांसद जनरल डीपी वत्स, मुख्य संरक्षक एचके शर्मा, संस्थापक योगेन्द्र शर्मा, पूर्व पार्षद पंकज दिवान, हरीश चौधरी, रितुराज ढींगड़ा, राजेश भारद्वाज, विकास गौड़, एडवोकेट बलवान शर्मा, सुरेश शर्मा, जनक गौड़ आदि भी उपस्थित रहे।

एनआईए एक्ट के मामले में घोषित पीओ गिरफ्तार

हिसार। पुलिस ने अदालत द्वारा घोषित पीओ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एनआईए एक्ट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ढाणी सीसवाल निवासी मनोज के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी पीएसआई प्रदीप ने बताया कि मनोज को अदालत ने एनआईए एक्ट के मामले में उद्घोषित अपराधी घोषित किया था। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे काबू कर लिया।

क्विज प्रतियोगिता में 4059 विद्यार्थियों ने लिया भाग

हिसार। जिले में सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता 2026-27 के दूसरे चरण का आयोजन बुधवार को ब्लॉक स्तर पर किया गया। प्रतियोगिता में जिले के छह ब्लॉकों से कुल 4059 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।

नारनौंद ब्लॉक कर्मचारी यूनियन की बैठक संपन्न

नारनौंद। सिंचाई विभाग के राजथल हेड रेस्ट हाउस में नारनौंद ब्लॉक की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान संजय गौतम ने की। बैठक में राज्य कमेटी के विकास सह सचिव, जिला कमेटी के दीपक मेहरा एवं सूरजीत, अशोक प्रधान तथा नारनौंद ब्लॉक के कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में 24 अक्टूबर को कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के हिसार स्थित कैंप कार्यालय के घेराव को लेकर रणनीति बनाई गई।

दुकानदारों से मिले समाजसेवी अशोक मंगालीवाला

हिसार। अस्पाम फाऊंडेशन के चेयरमैन अशोक गोयल मंगालीवाला ने नगर का दौरा करते हुए पड़ाव क्षेत्र में वहां के दुकानदारों से बातचीत की। अग्रवाल ग्रुप के प्रधान व क्षेत्र के दुकानदार पवन गोयल काका के प्रतिष्ठान पर पहुंचे अशोक गोयल मंगालीवाला ने आसपास के दुकानदारों से कुशलक्षेम पूछा व नगर की ज्वलंत समस्याओं के अलावा अन्य अनेक विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर पूर्व पार्षद मनोहर लाल नांगरु, मुकेश सैनी, रिंकू मदान, अरुण काका, लक्ष्य ठाकुर रहे।

124 बोतल अवैध देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हिसार। पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गांव मिर्जापुर से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की कार से माल्टा मस्ती व शाही ब्रांड की कुल 124 बोतल देशी शराब बरामद की है। आरोपी की पहचान मिर्जापुर निवासी सतपाल के रूप में हुई है।

धनुष टूटते ही सीता ने श्रीराम के गले में डाली वरमाला

कटला रामलीला में श्रीराम का नगर भ्रमण, पुष्प वाटिका, धनुषयज्ञ व सीता स्वयंवर का किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। कटला रामलीला में मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि



हिसार। विद्युत नगर में रामलीला का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते रामलीला सभा के वरिष्ठ उपप्रधान सुरेन्द्र बजाज, महासचिव ओमप्रकाश असीजा व मीडिया प्रभारी शुभम वलेचा आदि।

कटला रामलीला देखने के लिए पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में दर्शकों की भीड़ का कोई पारावार नहीं रहा। विभिन्न क्षेत्रों से लोगों ने पहुंचकर प्रभु श्रीराम के प्रति अपनी आस्था जताई। इस दौरान चतुर्थ दिवस श्रीराम का नगर भ्रमण, पुष्प वाटिका, धनुषयज्ञ व सीता स्वयंवर का मंचन किया गया। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त स्वामी श्रीराम वल्लभ शर्मा के सान्निध्य में वृंदावन के उच्चकोटि के कलाकारों ने अपने अभिनय से अभिभूत कर दिया। प्रभु श्रीराम व लक्ष्मण को नगर भ्रमण करते देखकर नगरवासी भावविभोर हो गए। माता सीता के स्वयंवर का मंचन भी प्रभावशाली ढंग से किया गया। बहुत से राजाओं ने विशाल धनुष को उठाने का प्रयास किया लेकिन वे विफल रहे। अंततः प्रभु श्रीराम ने उस धुनष को अत्यंत सहजता और विनम्रता से उठाया और जैसे ही उस पर प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयास किया तो वह धनुष बीच से टूट गया। धनुष टूटते ही माता सीता ने प्रभु श्रीराम के गले में वरमाला डाल दी। रामलीला में चतुर्थ दिवस उद्योगपति व समाजसेवी पवन रावलवासिया मुख्यातिथि रहे जबकि उद्योगपति विनोद गर्ग व व्यवसायी शशि लोहिया बतौर अति विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर पंकज नरवानिया, बनारसी दास, शिव कुमार गोयल, प्रवीन गर्ग, हेमंत सरावगी, डॉ. एन. के. खेतरपाल, देव कुमार बुड़ाकिया आदि रहे।

परशुराम-लक्ष्मण संवाद ने बटोरीं तालियां

हिसार। श्री बद्री-केदार रामलीला समिति, विद्युत नगर द्वारा आयोजित 46वें वर्ष की श्री रामलीला के चौथे दिन वृंदावन धाम, मथुरा (उत्तर प्रदेश) से पधारे कलाकारों ने स्वामी देवेंद्र शास्त्री के निर्देशन में सीता स्वयंवर लीला का अत्यंत भव्य और सजीव मंचन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में होली चाइल्ड स्कूल के प्रबंध निदेशक राजपाल सिंह सिंधु शिरकत ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद् सत्येंद्र मोहन ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में इंजीनियर आशुतोष गुप्ता उपस्थित रहे। मंचन के दौरान भगवान श्री राम द्वारा जैसे ही शिव धनुष भंग किया गया, पूरा पंडाल 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठा। माता जानकी ने आगे बढ़कर भगवान राम के गले में वरमाला डाली, जिसे देख दर्शक भावविभोर हो गए। शिव धनुष टूटने से क्रोधित होकर भगवान परशुराम के स्वयंवर स्थल पर पहुंचने से वातावरण में नाटकीय विवाद उत्पन्न हो गया। भगवान परशुराम और लक्ष्मण के बीच हुए तीखे और ओजस्वी संवादों ने दर्शकों में अभूतपूर्व उत्साह भर दिया।

आज धूमधाम से निकलेगी राम बारात

हिसार। श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा द्वारा में 15 अक्टूबर को सायं चार बजे मुलतानी चौक पार्क से धूमधाम से राम बारात निकाली जाएगी। इसके तहत बैंड बाजे व ढोल ढमाकों के साथ राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न घोड़ों पर सवार होकर बारात में शामिल होंगे। इसके अलावा दर्जन भर झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगी। उन्होंने बताया कि राम बारात की रवानगी के समय विधायक सावित्री जिंदल मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित होंगी। अध्यक्षता समाजसेवी इन्द्र शर्मा, सतीश सेहरा व राजकुमार पाहवा करेंगे। बुधला संत हनुमान मंदिर, ऋषि नगर में आयोजित पत्रकार वार्ता में रामलीला सभा के वरिष्ठ उपप्रधान सुरेन्द्र बजाज, महासचिव ओमप्रकाश असीजा, सहसचिव टीनू आहुजा व मीडया प्रभारी शुभम वलेचा ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। रामलीला सभा के उपप्रधान जितेन्द्र भारती, महेश चौधरी, राजकुमार बजाज, हरबंस मदान, कोषाध्यक्ष भीम नारंग, प्रबंधक महेन्द्र टुटेजा दी कार्यक्रमों की जानकारी।

लोहारी राघो रामलीला में श्रीराम जन्म के सजीव मंचन ने मोहा मन



नारनौंद। मंच पर कलाकार रामलीला का मंचन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

नारनौंद। श्रीरामा रामलीला कल्ब के बैनर तले चल रही लोहारी राघो की ऐतिहासिक रामलीला में भगवान श्रीराम के जन्म का दृश्य साकार होते ही पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। तालियों की गड़गड़ाहट, मंगलगान और श्रद्धालुओं के चेहरे पर छलकती खुशी ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। भगवान श्रीराम के जन्म की खुशी में मिठाइयां बांटी गई और श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ इस पावन प्रसंग का आनंद लिया। श्रीरामा रामलीला क्लब के बैनर तले आयोजित इस भव्य मंचन में कलाकारों ने राजा दशरथ के पुत्रेष्ठि यज्ञ से लेकर चारों राजकुमारों के जन्म और नामकरण तक की लीला को जीवंत कर दिया। 77 वर्षों से चली आ रही रामलीला की यह परंपरा एक बार फिर आस्था, संस्कृति और सामाजिक भाईचारे की अनूठी मिसाल बनी। इससे पूर्व रामलीला में बतौर मुख्यातिथि पधारे लोहारी राघो गौशाला के प्रधान बनारसी राठी का क्लब द्वारा जोरदार अभिनंदन किया गया।

योग शब्दानंद महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

हिसार। शांति नगर स्थित परमहंस श्रीयोग दरबार ब्रह्मज्ञान मंदिर में ब्रह्मलीन श्रीश्री 1008 श्रीयोग शब्दानंद महाराज के जन्मोत्सव पर आज सत्संग व भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर 6 अक्टूबर को ब्रह्मपुरी में रखे गये 9 रामायणों के पाठ का भोग डाला गया। भोग से पूर्व कुटिया मोक्षद्वार, डोगरान मौहल्ला से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में शामिल रथ को श्रद्धालुओं द्वारा हाथों से खींचकर ब्रह्मपुरी तक लाया गया। शोभा यात्रा में संत रामानंद महाराज के सान्निध्य में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने ढोल-ढमाकों व बैंड बाजों के साथ भजन-कीर्तन करते हुए व झूमते हुए भाग लिया। शोभा यात्रा के ब्रह्मज्ञान मंदिर के प्रांगण में पहुंचने पर हवन किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति डाली। इसके बाद ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात किए गए सत्संग में संतों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए कहा कि गुरुदेव की महिमा अपरम्पार है। गुरु सदैव अपने शिष्य को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां सदा एक जैसी नहीं रहती। दुख-सुख मनुष्य को अपने कर्मों के हिसाब से भोगने पड़ते हैं।



हिसार। शोभा यात्रा में शामिल संत मंडली व शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

गणेश वंदना, राधा-कृष्ण की प्रस्तुति और नवदुर्गा नृत्य से कलाकारों ने बांधा समां

- पारंपरिक वेशभूषा में छात्राओं ने बिखेरे रंग
- गुजवि के कस्तूरबा भवन में सजी डांडिया नाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। डांडिया नाइट में सांस्कृतिक प्रस्तुति देतीं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल-1 स्थित कस्तूरबा भवन में डांडिया नाइट-2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 1800 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भारतीय संस्कृति, भक्ति, संगीत और पारंपरिक नृत्य से सजे इस आयोजन ने विश्वविद्यालय परिसर को उत्सव के रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में हिसार की प्रतिष्ठित समाजसेविका पंकज संधीर मुख्य अतिथि रहीं, जबकि रजनी शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। विश्वविद्यालय की चीफ वार्डन प्रोफेसर सुजाता सांघी भी इस अवसर पर मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके बाद छात्राओं ने राधा-कृष्ण की मनमोहक प्रस्तुति, पारंपरिक गरबा नृत्य और मां दुर्गा के नौ स्वरूपों को समर्पित नवदुर्गा नृत्य प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा, आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों और छात्राओं के उत्साह ने अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का आयोजन डिप्टी चीफ वार्डन एवं कोऑर्डिनेटर डॉ. ज्योति प्रभा बिश्नोई के मार्गदर्शन में किया गया। आयोजन को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के विभिन्न हॉस्टलों के कोऑर्डिनेटर्स एवं हॉस्टल प्रशासन की अहम भूमिका रही। इनमें डिप्टी प्रॉक्टर एवं वर्किंग वुमन हॉस्टल की कोऑर्डिनेटर डॉ. अंजू गुप्ता, डिप्टी चीफ वार्डन एवं गर्ल्स हॉस्टल-4 की कोऑर्डिनेटर डॉ. विनीता, डॉ. मनदीप, डॉ. पुष्पा और डॉ. संतोष शामिल रहीं। इसके अतिरिक्त वार्डन कृष्णा, ऋतु एवं ज्योति कुमारी ने भी आयोजन में सक्रिय सहयोग दिया।

बजट जारी न होने से मिड डे मील योजना पर संकट

हिसार। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील योजना के तहत कुकिंग कॉस्ट का बजट लंबे समय से जारी नहीं होने पर चिंता जताई है। संघ के जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा, जिला सचिव विनोद प्रभाकर, जिला उपप्रधान वीरेंद्र सिंह, जिला वित्त सचिव बिजेंद्र सिंह, राज्य ऑडिटर पवन कुमार और राज्य उपप्रधान अलका ने कहा कि बजट के अभाव में स्कूल मुखियाओं और शिक्षकों को विक्रेताओं की देनदारियों के कारण योजना चलाने में परेशानी हो रही है। संघ ने बताया कि 7 अक्तूबर को अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, हरियाणा को पत्र लिखकर बजट जारी करने की मांग की गई थी। उन्होंने कहा कि पिछले सत्र में स्कूलों को घटिया सामग्री वितरित की गई थी। संगठन के विरोध के बाद सामग्री की गुणवत्ता में सुधार हुआ, लेकिन कुकिंग कॉस्ट का बजट जारी नहीं होने से योजना के सुचारू संचालन पर संकट बना हुआ है।

हांसी मे वेतन नहीं मिलने पर टीपर कर्मचारियों की हड़ताल

हांसी। चार महीने से बकाया वेतन नहीं मिलने से नाराज डोर-टू-डोर कचरा उठान करने वाले करीब 80 टीपर कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। कर्मचारियों ने नेहरू कॉलेज रोड स्थित नगर परिषद के गोदाम में करीब 30 टिप्पर और अन्य वाहन खड़े कर काम बंद कर दिया। इससे शहर में घरों से गीला और सूखा कचरा उठाने की व्यवस्था प्रभावित हो गई है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले चार से छह महीने से वेतन नहीं मिला, जबकि वे नियमित रूप से ड्यूटी कर रहे हैं। हड़ताल कर रहे टिप्पर चालकों, सहायकों और ई-रिक्शा चालकों के अनुसार, वे राधा कृष्ण ग्रुप के ठेके के तहत काम करते हैं। उनका मासिक वेतन करीब 11,200 रुपये है। कर्मचारी रोजाना सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक ड्यूटी करते हैं, लेकिन लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। राशन, किराया, बच्चों की फीस और अन्य जरूरी खर्चों के लिए भी उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है। कर्मचारियों का दावा है कि उन्होंने पिछले सोमवार को एडीसी एवं डीएमसी लक्षित सरीन से मुलाकात कर लिखित शिकायत दी थी। इस संबंध में ठेकेदार और सुपरवाइजर का पक्ष सामने आना बाकी है। पूर्व पार्षद प्रतिनिधि, वार्ड-4, अजय सैनी ने प्रशासन और नगर परिषद से मामले में हस्तक्षेप कर कर्मचारियों का बकाया वेतन सीधे उनके बैंक खातों में जमा करवाने की मांग की।



हांसी। वेतन नहीं मिलने पर नप प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते टीपर कर्मचारी।

सड़क किनारे 4222 निष्क्रिय खंभे हटाए

हिसार। हरियाणा में सड़क किनारे लंबे समय से अनुपयोगी खड़े बिजली के खंभों को हटाने की कार्रवाई तेज कर दी गई है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) और उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) ने सितंबर 2026 तक चिह्नित 6443 निष्क्रिय खंभों में से 4222 हटा दिए हैं। अभी 2221 खंभे हटाए जाने बाकी हैं। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मार्च में हुई बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार, शेष खंभों को हटाने का कार्य 31 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दोनों निगमों के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने संबंधित अधिकारियों को लंबित कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान का उद्देश्य सड़क किनारे अनुपयोगी ढांचे को हटाने, बिजली वितरण नेटवर्क को व्यवस्थित करने और सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित बनाने में मदद करना है। सितंबर तक की रिपोर्ट के अनुसार, डीएचबीवीएन में 2792 निष्क्रिय खंभे चिह्नित किए गए थे।

स्कूलों में रखी पानी की टंकियां एक सप्ताह में साफ करवाएं: डीसी

हांसी। विद्यार्थियों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए जिला प्रशासन ने स्कूलों में पानी की टंकियों की सफाई को लेकर सख्ती दिखाई है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने जिले के सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों के मुखियाओं को एक सप्ताह के भीतर पानी की टंकियों की अच्छी तरह सफाई करवाने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित समय सीमा पूरी होने के बाद संबंधित अधिकारी स्कूलों में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे। निर्देशों की पालना में लापरवाही मिलने पर संबंधित विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि ये निर्देश जिले के सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों पर समान रूप से लागू होंगे। विद्यालय मुखिया स्वयं सफाई व्यवस्था की निगरानी करें और सुनिश्चित करें कि विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल मिले। इस काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि निरीक्षण के दौरान अधिकारी केवल पानी की टंकियों की सफाई ही नहीं, बल्कि स्कूल परिसर की समग्र स्वच्छता व्यवस्था का भी जायजा लेंगे।

होली चाइल्ड स्कूल के हर्षित ने जीता रजत

हिसार। होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा आठवीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थी हर्षित ने जिला स्तरीय फेंसिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। हरियाणा स्टेट फेंसिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में हर्षित ने अंडर-14 आयु वर्ग में अपनी खेल प्रतिभा, आत्मविश्वास और बेहतरीन रणनीति का परिचय दिया। प्रतियोगिता के दौरान हर्षित ने कुल पांच मुकाबलों में भाग लिया। कड़े प्रतिस्पर्धात्मक मुकाबलों के बीच उसने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। विशेष रूप से जींद के खिलाड़ी कार्तिक के साथ हुए रोमांचक मुकाबले में हर्षित ने मात्र एक अंक के अंतर से जीत दर्ज करते हुए रजत पदक पर कब्जा जमाया। कोच मनु के मार्गदर्शन और प्रशिक्षण ने उसकी तकनीक, आत्मविश्वास और खेल कौशल को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु व प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने हर्षित की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।



हिसार। रजत पदक विजेता हर्षित स्कूल प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु के साथ।

न्यूज डायरी



रक्तदान शिविर में किया 51 यूनिट रक्त एकत्रित

हांसी। सिंचाई विभाग के कार्यालय में कार्यकारी अभियंता अजय कुंडू के नेतृत्व में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभाग के कार्यालय स्टाफ और फील्ड कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर सामाजिक सरोकारों और मानव सेवा का संदेश दिया। कैथल से पहुंची नोबल ब्लड सेंटर की टीम ने रक्त एकत्रित किया। शिविर के दौरान कुल 51 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। कार्यकारी अभियंता अजय कुंडू ने स्वयं रक्तदान कर अन्य कर्मचारियों को भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया। कार्यकारी अभियंता अजय कुंडू ने कहा कि रक्तदान महादान है। इस मौके पर सिंचाई विभाग ब्रांच प्रधान अशोक यादव, जेई मौसम शर्मा, प्रदीप दुहन, अंकित बिसला, प्रतीक जागलान, प्रमोद यादव, ब्रांच प्रधान अशोक यादव, संदीप फौजी, सुरेश कोच सहित विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



विज्ञान प्रदर्शनी में सरस्वती स्कूल रहा तृतीय

उकलाना। सरस्वती हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रदर्शनी का मुख्य विषय 'स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं साफ-सफाई' रहा, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने विज्ञान के माध्यम से स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। प्रदर्शनी में विद्यालय की कक्षा नौवीं के विद्यार्थी नितेश और हर्ष ने विज्ञान अध्यापक दीपक शर्मा के मार्गदर्शन में भाग लिया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. के.सी. शर्मा एवं प्रिंसिपल पूनम धीमान ने विद्यार्थियों और विज्ञान अध्यापक दीपक शर्मा को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

हॉकी इंडिया में हरियाणा ने दिल्ली को 3-0 से हराया

- मंजीत, जोगिंद्र और दीपक ने किए गोल, परीक्षित बने मैन ऑफ द मैच
- अगले मुकाबले में मणिपुर से भिड़ेगी हरियाणा की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। दिल्ली को पराजित करने वाली हरियाणा की टीम कोच नीतू सांगवान के साथ।

झांसी में जारी 16वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हॉकी हरियाणा ने अपने पहले मुकाबले में हॉकी दिल्ली को 3-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। हरियाणा की ओर से मंजीत, जोगिंद्र और दीपक ने गोल किए, जबकि परीक्षित को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

हॉकी हरियाणा के कोच एवं द्रोणाचार्य अवार्डी नीतू सांगवान ने बताया कि हरियाणा की ओर से पहला गोल मंजीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर किया। इसके बाद जोगिंद्र ने भी पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। तीसरा गोल दीपक ने फील्ड गोल के रूप में किया। दिल्ली की टीम ने गोल करने के कई प्रयास किए, लेकिन हरियाणा की मजबूत रक्षापंक्ति ने उसके सभी प्रयास विफल कर दिए। हरियाणा का अगला मुकाबला अब हॉकी मणिपुर के साथ होगा।

भारतीय ज्ञान परंपरा में सामग्री विकास पर गुजवि में कार्यशाला

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 15 अक्टूबर को भारतीय ज्ञान परंपरा में सामग्री विकास विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के सीआरएस सभागार में आयोजित होने वाली कार्यशाला में एचएसएचईसी के अध्यक्ष प्रो. केसी शर्मा मुख्यातिथि होंगे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार अध्यक्षता करेंगे। कार्यशाला के संयोजक एवं सेंटर फॉर काउंसलिंग एंड वेल-बीइंग के निदेशक प्रो. संदीप राणा ने बताया कि कार्यशाला में विभिन्न विषय विशेषज्ञ तकनीकी सत्रों को संबोधित करेंगे। तकनीकी सत्र-दो में केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. पवन कुमार शर्मा वर्तमान परिदृश्य में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर व्याख्यान देंगे।

खबर संक्षेप

रिले रेस में गार्गी सदन ने मारी बाजी

हांसी। एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क विकसित करने के उद्देश्य से कक्षा छठी से नौवीं तक के विद्यार्थियों के लिए रिले रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में गार्गी, सुभाष, सरोजिनी और विवेकानंद सदन के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खिलाड़ियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में गार्गी सदन ने प्रथम स्थान हासिल कर बाजी मारी। प्रतियोगिता में गार्गी सदन की ओर से प्रवीण (कक्षा छठी), गोमित (कक्षा सातवीं), आर्यन (कक्षा आठवीं) और जयनीत (कक्षा नौवीं) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रधानाचार्या ऋतु सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

भागवत कथा शुरू होने से पहले निकाली कलश यात्रा

उकलाना। जवाहर नगर स्थित सालासर धाम हनुमान मंदिर में बुधवार को श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ से पहले कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर परिक्रमा करते हुए कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने धार्मिक उत्साह के साथ कलश यात्रा में भाग लिया। इसके बाद श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। वृंदावन से पहुंचे कथा व्यास गौरव कृष्ण शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा कि जब मनुष्य के पुण्य कर्मों का उदय होता है, तब उसे श्रीमद्भागवत कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के सदस्य मुरलीधर शर्मा, विनोद गोयल, सुरेश पुजारी रहे।

कंवल सिंह प्रधान व रविदत्त बने महासचिव

हिसार। गुजविप्रौवि अनुसूचित जाति कर्मचारी कल्याण संघ की बुधवार को हुई बैठक में सर्वसम्मति से संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें कंवल सिंह को प्रधान, महाबीर सरोहा को उप प्रधान, रवि दत्त फंडन को महासचिव तथा बलराज को निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुना गया है। संघ के पूर्व प्रधान सुरेन्द्रपाल जी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा बैठक के एजेंडे प्रस्तुत किए।

एमएसपी से कम कीमत पर खरीद और किसान विरोधी शर्तें हटाने की मांग

हरियाणा संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर तीन घंटे प्रदर्शन कर जताया रोष

किसानों ने फसल खरीद में अनियमितताओं के विरोध में मार्केट कमेटी दफ्तर पर जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

फसल खरीद में कथित अनियमितताओं, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम कीमत पर फसल बिकने और खरीद प्रक्रिया में लागू शर्तों के विरोध में किसानों ने बुधवार को हिसार के मार्केट कमेटी कार्यालय पर तालाबंदी कर तीन घंटे तक प्रदर्शन किया। हरियाणा संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आयोजित इस प्रदर्शन में किसानों ने सरकार के खिलाफ रोष जताते हुए चेतावनी दी कि मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी।

धरने की संयुक्त अध्यक्षता शमशेर नंबरदार और संदीप सिवाच ने की, जबकि मंच संचालन अभय राम फौजी और ईश्वर सुंडावास ने किया। किसान नेताओं ने कहा कि प्रदेशभर में मार्केट कमेटी कार्यालयों पर तीन घंटे की तालाबंदी कर सरकार तक किसानों की समस्याएं पहुंचाने का प्रयास किया गया है। संयुक्त किसान मोर्चा ने किसानों से अपने मुद्दों पर एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया है।



हिसार। कार्यालय पर ताला बंदी करते किसान।

किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि मंडियों में धान और बाजरे की खरीद के दौरान किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि जहां भी फसल निर्धारित एमएसपी से कम कीमत पर बिक रही है, वहां किसान सामने आकर विरोध दर्ज करवाएं।

प्रदर्शन में कमलादेवी, रमेश मिरकां, सुरेंद्र मान, बलराज मलिक, मेहर सिंह बांगड़, अनिल गोरछी, लक्ष्मण शाहपुर, रतन मात्रश्याम, ईश्वर नंबरदार मुकलान, बंसी भेरियां, राजकुमार भेरियां, राजकुमार दुर्जनपुर, राजबीर सरपंच, गोपाल नगंथला, महेंद्र नंबरदार, बबलू पूनिया, जगदीश सहारण, ललित डाबड़ा, वजीर पूनिया और राजेश लाडवा सहित अनेक किसान नेता मौजूद रहे।

अनाज मंडी में धान खरीद-उठान ठप, एमएसपी से कम मूल्य मिलने पर एसकेएम ने जताया विरोध

एमएसपी से कम भुगतान और जे-फॉर्म में गड़बड़ी के आरोप, मिलर्स की कमी पर भी भड़के किसान

हांसी। अनाज मंडी में धान की खरीद और उठान में देरी से नाराज किसानों ने बुधवार को मार्केट कमेटी कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक तीन घंटे की सांकेतिक तालाबंदी कर सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों का आरोप है कि कई दिनों से फसल मंडी में पड़ी है, लेकिन खरीद और उठान की सुस्त रफ्तार के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। किसानों ने धान के निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2461 रुपये प्रति क्विंटल के मुकाबले कुछ मामलों में 2000 से 2300 रुपये प्रति क्विंटल भुगतान मिलने का आरोप लगाया। उनका दावा है कि जे-फॉर्म में पूरी एमएसपी राशि दर्ज होने के बावजूद वास्तविक भुगतान कम मिल रहा है। किसानों ने बिचौलियों और शैलर संचालकों पर प्रति क्विंटल 200 से 250 रुपये तक कथित कटौती के आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि और संबंधित पक्षों का जवाब सामने नहीं आया है। प्रदर्शनकारी किसानों ने मंडी में पर्याप्त मिलर्स की व्यवस्था नहीं होने को खरीद और उठान में देरी का प्रमुख कारण बताया। उनका दावा है कि हांसी मंडी के लिए केवल एक मिलर अलॉट किया गया है। किसानों ने हिसार, कैथल, नरवाना, अंबाला या सिरसा से अतिरिक्त मिलर्स अलॉट करने की मांग की, ताकि मंडी में जमा धान का जल्द उठान हो सके।



हांसी। मार्केट कमेटी कार्यालय परिसर में नारेबाजी करते संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी

बरवाला मार्केट कमेटी कार्यालय पर तीन घंटे की तालाबंदी

17 को प्रदेश में पीएम के पुतले किए जाएंगे दहन

बरवाला। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर बरवाला मार्केट कमेटी कार्यालय पर फसल खरीद में किसानों की लूट, एमएसपी से नीचे फसल बिकने और किसान विरोधी शर्तों के खिलाफ बुधवार को बरवाला मार्केट कमेटी कार्यालय पर तीन घंटे विरोध प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता मास्टर धूप सिंह भ्याण व कृष्ण कुमार ढाड ने संयुक्त रूप से की और संचालन सरदानन्द राजली और सुरजभान ढाड ने किया। संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा ने आगामी ऐलान किया है आने वाली 17 अक्टूबर को प्रदेश में प्रधानमंत्री के पुतले दहन किए जाएंगे। संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने आरोप लगाया कि कहा कि मंडियों में फसल खरीद में किसानों के साथ लूट हो रही है। इस अवसर पर रणवीर मिलकपुर, सितेंद्र कोथ, अनिल बैंदा, धर्मपाल बडाला, राजीव मलिक, कृष्ण पुनिया, ईश्वर वर्मा, कर्मबीर जलंधरा, नरेश भ्याण रहे।

किसानों ने किया मार्केट कमेटी कार्यालय का घेराव

खरीद इंचार्ज के नहीं पहुंचने पर जताया रोष

उकलाना। अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर बुधवार को जीरी की खरीद में कथित अनियमितताओं और एमएसपी से कम दाम मिलने के विरोध में किसानों ने सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक मार्केट कमेटी कार्यालय का घेराव किया। 19 अक्टूबर को उकलाना में 'किसान बचाओ महापंचायत' आयोजित करने का ऐलान किया। किसानों का आरोप है कि मंडियों में जीरी 1900 से 2200 रुपये प्रति क्विंटल तक के कम दामों पर बिक रही है, जबकि सरकार एमएसपी पर खरीद के दावे कर रही है। दोपहर के समय मार्केट कमेटी सचिव के साथ जब अधिकारी ढेरी पर पहुंचे, तो किसान लगभग 40 मिनट तक वेयरहाउस के खरीद इंचार्ज ओमप्रकाश का इंतजार करते रहे। बार-बार फोन करने के बावजूद कोई भी खरीद इंचार्ज मौके पर नहीं पहुँचा, जिससे किसानों में भारी रोष देखा गया। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि खरीद एजेंसियों, मिलरों और अधिकारियों की मिलीभगत के कारण किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है।

खंड स्तरीय प्रतियोगिता में बाबा बंदा स्कूल के विद्यार्थियों ने जीते पदक

हांसी। ढाणी पीरांवाली स्थित सनशाइन स्कूल में 12 व 13 अक्टूबर को आयोजित अंडर-11 खंड स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल, हांसी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। हरियाणा सरकार एवं खंड शिक्षा अधिकारी, हांसी की ओर से आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में कई पुरस्कार जीते। विद्यालय के विद्यार्थियों ने रिले रेस में ध्रुव व कुंज, शॉट पुट में रितिका, ड्राइंग में पनव तथा शतरंज में अक्षप्रजापति व सोनल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।वहीं, 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में कुंज, शॉट पुट में शक्ति, हाई जंप में मीत, एकलगायन में भव्या तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में हर्षिता ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्या लवली चावला, प्रशासक प्रवीण चुघ और एकेडमिक कोऑर्डिनेटर पवन रावल ने विजेता विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा खेल शिक्षकों को बधाई दी।



हांसी। बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल के पदक विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करती स्कूल प्राचार्या लवली चावला व अन्य।

बाबा बंदा सिंह बहादुर के जीवन पर स्कूली बच्चों की प्रतियोगिता 27 को

हिसार। बाबा बंदा सिंह बहादुर स्टडी सर्कल सोसायटी नई दिल्ली के बैनर तले राज्य में पहली बार स्कूली बच्चों के लिए एक विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 27 अक्टूबर को गुरु नानक गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मॉडल टाउन के हॉल में होगी, जिसमें बच्चे पूर्ण रूप से पंजाबी भाषा में पहले सिख जरनैल बाबा बंदा सिंह बहादुर के जीवन इतिहास पर अपने विचार रखेंगे। यह प्रतियोगिता कक्षा 5 से 6, 7 से 8 तथा 9 से 10 के छात्रों के समूहों के बीच आयोजित की जाएगी। छात्र बाबा बंदा सिंह बहादुर के जीवन पर पंजाबी भाषा में भाषण और कविता पाठ प्रस्तुत करेंगे। इसी संदर्भ में संस्था के सदस्य भाषा अध्यापक गौरव भुटानी, समाजसेवी हैप्पी सिंह रतिया और पंजाबी कल्चरल सोसायटी के डायरेक्टर इकबाल सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी रामरतन से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम का पत्र सौंपा। डीईओ ने आश्वासन दिया है कि जिन स्कूलों में पंजाबी भाषा पढ़ाई जा रही है, उन्हें इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए निर्देश जारी किए जाएंगे।

- पंजाबी भाषा में भाषण व कविता पाठ करेंगे प्रस्तुत

400 मीटर दौड़ में छात्र शुभम ने पाया दूसरा स्थान

परम मित्र स्कूल खाण्डा खेड़ी के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

- छात्रा हिमानी चित्रकारी प्रतियोगिता में रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

खंड स्तरीय अंडर 11 के खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में परम मित्र कन्या विद्या निकेतन विद्यालय खांडा खेड़ी के छात्र-छात्राओं ने प्रतिस्पर्धा में भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया। खेलकूद प्रतियोगिता के रस्साकसी में लड़के एवं लड़कियों दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवी के छात्र विराज ने लंबी कूद प्रतिस्पर्धा में पहला स्थान, छात्र शुभम ने 400 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान अर्जित किया। सांस्कृतिक प्रतियोगिता के समूह गान में विद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान पर रहीं, हनिका एवं मानविक कक्षा चौथी के छात्रों ने सोलो सोंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, हिमानी कक्षा चौथी की छात्रा ने चित्रकारी में प्रथम स्थान एवं फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता में अनन्या व दीक्षा कक्षा पांचवीं की छात्राओं ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की कार्यकारिणी समिति चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु, सुभाष श्योराण, संयोजक प्रवीन परूथी ने विद्यालय प्राचार्य अमित गौड़ व प्रशासक मंदीप सिंधु ने कहा कि विद्यालय ग्रामीण आंचल की प्रतिभाओं को निखारने के लिए वचनबद्ध है।



नारनौंद। विजेता रहने वाले छात्र विक्ट्री का चिह्न बनाए हुए।

खंड स्तरीय कैरम प्रतियोगिता में सनातन धर्म कन्या स्कूल ने पाया द्वितीय स्थान



हांसी। श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने ढाणी पीर वाली में आयोजित खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। धानी पीरांवाली स्थित सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और द्वितीय स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय प्राचार्या रेनू बंसल ने बताया कि प्रतियोगिता के तहत 11 वर्ष आयु वर्ग की कैरम बोर्ड स्पर्धा में विद्यालय के लड़कों और लड़कियों की टीमों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया। लड़कों की टीम में सहज, मोहित, लक्ष्य, तनिष और रविश शर्मा ने अपनी सूझबूझ, एकाग्रता और खेल प्रतिभा से प्रभावित किया। वहीं, लड़कियों की टीम में दुर्वशी, अवंतिका, आराध्या और महक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या रेनू बंसल ने पदक विजेता खिलाड़ियों का विद्यालय पहुंचने पर भव्य स्वागत किया और उनकी उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जीएम के अड़ियल रवैये के खिलाफ खोला मोर्चा

हिसार। हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ की हिसार डिपो कार्यकारिणी ने डिपो महाप्रबंधक के अड़ियल रवैये के खिलाफ कड़ा रोष जताया गया। यूनियन की मासिक बैठक में कर्मचारियों की लंबित मांगों का समाधान नहीं होने पर पदाधिकारियों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। संघ ने स्पष्ट किया कि हिसार डिपो में पिछले 22 दिनों से चल रहे आंदोलन में वह सांझा संघर्ष समिति के साथ अग्रिम पंक्ति में रहकर जोरदार संघर्ष करेगा। बैठक की अध्यक्षता डिपो प्रधान जोगेंद्र पंघाल ने की जबकि सलीम सरसौद ने संचालन किया। बैठक में विशेष रूप से आमंत्रित सुभाष ढिल्लों और डिपो के कार्यकारी प्रधान अजय दुहन ने भी भाग लिया। इस दौरान कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

रॉयल स्कूल में दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम



हिसार। रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल में सामाजिक विज्ञान विषय पर दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रिसोर्स पर्सन श्रीमती सुनीता देवी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को नवीन शिक्षण पद्धतियों, गतिविधि-आधारित शिक्षण तथा प्रभावी शैक्षणिक रणनीतियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में ब्लूम के वर्गीकरण से विद्यार्थियों में उच्च स्तरीय चिंतन कौशल, तार्किक विश्लेषण, रचनात्मकता समझ विकसित करने पर चर्चा की गई। स्कूल चेयरमैन डॉ. युद्धवीर सिंह, संचालिका डॉ. ज्योत्स्ना, प्रबंधक विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल (डॉ.) डीवी नेहरा ने रिसोर्स पर्सन सुनीता देवी के प्रति उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

- शिक्षकों को शैक्षणिक रणनीतियों से कराया अवगत

पंचायती झोटा चोरी मामले में एक पकड़ा

नारनौंद। अपराध शाखा नारनौंद की टीम ने गांव खेड़ी लोहचब से पंचायती झोटा चोरी करने के मामले में उत्तर प्रदेश निवासी एक युवक को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित युवक की पहचान मोहम्मद आसिफ निवासी जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित से चोरी की रकम में से 10 हजार रुपये बरामद किए हैं। मुख्य सिपाही विजय ने जानकारी दी की गांव खेड़ी लोहचब की सरपंच प्रीति ने 27 अगस्त को पुलिस को शिकायत दी थी कि गांव का पंचायती झोटा 25 अगस्त की शाम से लापता है। ग्रामीणों शिकायत के आधार पर थाना नारनौंद में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

सेंट ज्ञानेश्वर स्कूल की नैना विज्ञान प्रदर्शनी में रही तृतीय

- नैना ने हेल्थ, हाइजीन और सैनिटाइजेशन पर बनाया मॉडल

हांसी। शिक्षा विभाग हांसी की ओर से आयोजित खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में सेंट ज्ञानेश्वर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में खंड के विभिन्न विद्यालयों के बाल वैज्ञानिकों ने सात उपविषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। इसमें सेंट ज्ञानेश्वर स्कूल की छात्रा नैना ने हेल्थ, हाइजीन एवं सैनिटाइजेशन उपविषय में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यालय प्राचार्य सतीश वर्मा ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती है। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ती है और वे दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं को वैज्ञानिक तरीके से समझने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने बताया कि नैना ने हेल्थ, हाइजीन एवं सैनिटाइजेशन जैसे विषय परतीसरा स्थान हासिल किया।



हांसी। मॉडल का निरीक्षण करते समिति सदस्य।

खाली मकान के कमरे में चल रहा था जुए का खेल, 9 आरोपी काबू

हांसी। किला बाजार पुलिस चौकी की टीम ने काला पत्थर सौरगर मोहल्ला स्थित एक खाली मकान के ऊपर बने कमरे में छापा मारकर ताश के पत्तों के साथ जुआ खेल रहे 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 74,620 रुपये की नकदी और ताश के पत्ते बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शक्ति निवासी लाल सड़क, सतबीर उर्फ सत्ते निवासी हनुमान कॉलोनी, विजेंद्र उर्फ बलुआ निवासी काला पत्थर सौगर मोहल्ला, गोबिंद और विनोद निवासी काला पत्थर मोहल्ला, राजेश उर्फ राजू और दीपक निवासी सैनीपुरा तथा मंगल निवासी काला पत्थर मोहल्ला और हिम्मत निवासी हनुमान कॉलोनी के रूप में हुई है। सहायक उप निरीक्षक मुनीश कुमार ने बताया कि वह पुलिस टीम के साथ लाल सड़क क्षेत्र में गश्त और अपराधों की पड़ताल कर रहे थे। कि इसी दौरान सूचना मिली कि विजेंद्र उर्फ बलुआ के खाली मकान के ऊपर बने कमरे में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर रुपये दांव पर लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी की। पुलिस को देखकर कमरे में मौजूद लोगों ने अपने हाथों में पकड़े ताश के पत्ते और रुपये कपड़े पर फेंक दिए। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए सभी 9 व्यक्तियों को मौके पर ही काबू कर लिया।

- 74,620 रुपये की नकदी और ताश के 52 पत्ते बरामद

काली देवी विद्या मंदिर ने ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में लहराया परचम



हांसी। श्री काली देवी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के अंतर्गत आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न खेल आयोजनों में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने शतरंज, कैरम, कराटे और योग में उपलब्धियां हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। स्कूल प्राचार्या गीता मेहता ने बताया नहीं कि तीसरी कक्षा के युग, सुहान और हंसिका ने ब्लॉक स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तीनों विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वहीं, कक्षा चौथी के कार्तिक और कक्षा पांचवीं के पर्व, आरव नेगी, विवान तथा लिपाक्ष ने कैरम प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। खेल उपलब्धियों की कड़ी में कक्षा नौवीं के देव ने हरिद्वार में आयोजित नॉर्थ जोन ओपन कराटे प्रतियोगिता के अंडर-14 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसी कक्षा के रक्षित ने जिला स्तरीय अंडर-14 योग प्रतियोगिता के दो इवेंट्स में स्वर्ण पदक हासिल किए। इसके साथ ही उसका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। कक्षा 11वीं के मीत ने सिरसा में आयोजित ओपन शतरंज टूर्नामेंट में विजेता ट्रॉफी और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

एथलेटिक मीट में 22वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

छात्राओं ने मार्च पास्ट से दिया अनुशासन और एकता का परिचय

शरीना ने चार दौड़ स्पर्धाओं में मारी बाजी, लंबी कूद में टीना रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राजकीय महिला महाविद्यालय में सत्र 2026-27 की 22वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन 14 और 15 अक्टूबर को किया जा रहा है। एसडी महिला महाविद्यालय, हांसी के प्राचार्य प्रो. सुरेश कुमार गुप्ता ने मुख्यातिथि के रूप में एथलेटिक मीट का उद्घाटन किया, जबकि राजकीय महाविद्यालय, हांसी की सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. नीलम दहिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

छात्राओं ने मार्च पास्ट के माध्यम से अनुशासन, एकता और खेल भावना का परिचय दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य सतीश सिंगला ने मुख्यातिथि, विशिष्ट अतिथि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। इसके बाद ध्वजारोहण और खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलाने की प्रक्रिया संपन्न हुई।

प्रतियोगिता के पहले दिन की परिणाम: प्रतियोगिता में 800 मीटर दौड़ में शरीना प्रथम, निशु द्वितीय और रजनी तृतीय स्थान पर रहीं। 1500 मीटर दौड़ में शरीना ने पहला, रजनी ने दूसरा और निशा ने तीसरा स्थान हासिल किया। 5000 मीटर दौड़ में शरीना प्रथम, दीपिका द्वितीय और मौनी तृतीय रहीं। वहीं, 100 मीटर दौड़ में शरीना प्रथम, निशा द्वितीय और दीपिका तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में भी शरीना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि निशु दूसरे और दीपिका तीसरे स्थान पर रहीं। लंबी कूद स्पर्धा में टीना ने प्रथम, बसकर ने द्वितीय और ललित ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में महाविद्यालय के स्पोर्ट्स बोर्ड और खेल समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता का समापन 15 अक्टूबर को होगा।



हिसार। खेल में प्रदर्शन करती छात्रा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 7988727916, 9315429403, 9253681005